(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि कोरिया के उपर्युक्त संस्थान ने हाल में यह ऋण देने से इन्कार कर दिया है ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और क्या सरकार ने अब इस परियोजना के निर्माण के लिए किसी अन्य वित्तीय स्रोत से ऋण प्राप्त करने के लिए कोई प्रबन्ध किया है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और नीलम परियोजना के कार्य को पूरा करने के संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (घ) नीलम प्रोसेस परिसर के लिए सशर्त आशय पत्र की प्रति अभी तक किसी भी सप्लायर की क्रेडिट को अंतिम रूप नहीं दिया गया है ।

पेट्रोलियम उत्पाद उद्योग

306. श्री राम जेठमलानी : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में पेट्रोलियम उत्पाद उद्योग पर अभी तक सरकारी क्षेत्र का एकाधिकार है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इस सरकारी एकाधिकार के कारण देश में प्रचुर मात्रा में क्षमता उपलब्ध होने के बावजूद पेट्रोलियम पदार्थों का उत्पादन देश की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हो सका है;

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और क्या यह सच है कि सरकार अब निजी क्षेत्र को इस क्षेत्र में कार्य करने की अनुमति देने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (घ) पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए देश में शोधन क्षमता में निरन्तर वृद्धि की गई है। निजी क्षेत्र की कुछ कंपनियों ने नई रिफाइनरियों की स्थापना/भागीदारी में अपनी रुचि प्रदर्शित की है । तथापि, इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है ।

Gi-s Flaring Reduction Project

307. SHRI CHIMANBHAI MEHTA : SHRI J. P. JAVALI : SHRI SOM PAL : SHRI SARADA MOHANTY : SHRIMATI M1RA DAS :

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Bombay High gas flaring reduction project would reduce gas flaring to zero by 1995 ;

(b) if so, in what manner;

(c) where else the Seventeen MCMD gas that would be saved from flaring is proposed to be used ;

(d) whether the department would consider, in view of the Seventeen MCMD saving-surplus at Bombay High major share of Gandhar and Tapti fields gas for Gujarat which has been refused coal linkage for new thermal power stations;

(e) whether the commitment to Uttran gas based power house of GEB which is ready to go on stream is fulfilled ;

(f) if not, what are the reasons therefor ; and

(g) whether it is a fact that Gujarat Electricity Board is prepared to lay down 6 Kilo Metre pipe line to pass gas from Hazira to Uttran ?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) to (c) The Project would reduce flaring of gas by adding compression and transportation facilities in the off-shore region. The gas will be provided to the consumers as per commitments made from time to time.